दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-201
मुरादाबाद
(Tuesday)
12 November 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया


भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## अभियान: कबाड़ बेचकर सरकार ने कमाए करोड़ों रुपये, पीएम मोदी बोले- सामूहिक प्रयास दिला सकते हैं स्थायी परिणाम

केंद्र सरकार देश के सबसे बड़े विशेष अभियान 4.0 के तहत बीते तीन साल में कबाड़ा बेचकर लगभग 2,364 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस अभियान की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से स्थायी परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।केंद्र सरकार को तीन साल में कबाड़ बेचने से 2,364 करोड़ की कमाई हुई है। देश के अपनी तरह के सबसे बड़े विशेष अभियान 4.0 की सराहना करते



हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से स्थायी परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इससे स्वच्छता और आर्थिक समझदारी को बढ़ावा मिलता है।

पीएम मोदी ने की सराहना- पीएम मोदी ने इस अभियान की सफलता की सराहना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सराहनीय! कुशल प्रबंधन और सक्रिय कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित कर इस प्रयास ने शानदार परिणाम हासिल किए हैं। यह दिखाता है कि सामूहिक प्रयासों से कैसे स्थायी परिणाम हासिल हो सकते हैं,

जिससे स्वच्छता और आर्थिक समझदारी दोनों को बढ़ावा मिलता है। बता दें कि पीएम ने यह बात विशेष अभियान 4.0 पर केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की एक पोस्ट को टैग करते हुए कही।कबाड़ बेचने से करोड़ो के फायदे- सरकार ने इस साल 2 से 31 अक्तूबर के बीच संपन्न स्वच्छता अभियान के दौरान कबाड़ के निपटान से 650.10 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। वहीं इस मामले में सरकार को 2021-24 के बीच चलाए गए विशेष अभियानों से कबाड़ के निस्तारण से 2,364 करोड़ रुपये का राजस्व मिला। कार्मिक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विशेष अभियान 4.0 के तहत 5.97 लाख से अधिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाए गए। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने दी जानकारी- केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के प्रति संतृप्ति दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, भारत का अपनी तरह का सबसे बड़ा अभियान विशेष अभियान 4.0, केवल कबाड़ के निपटान से राज्य के खजाने में 2,364 करोड़ रुपये (2021 से) सहित महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान की एक और गीदड़भभकी! अगर मेजबानी छीनी गई तो नहीं लेंगे चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा

अगर पाकिस्तान से टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार छीन लिए जाते हैं तो वह अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले सकता है। द डॉन ने पीसीबी के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है।चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बीसीसीआई के भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करने के बाद अब पाकिस्तान ने गीदड़भभकी दी है। दरअसल, पाकिस्तान पर मेजबानी छीने जाने का खतरा मंडरा रहा है। %द डॉन% ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के हवाले से एक रिपोर्ट साझा करते हुए बताया है कि अगर पाकिस्तान से टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार छीन लिए जाते हैं तो वह अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले सकता है। द डॉन ने पीसीबी के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है। वाई पर चर्चा करने के लिए रविवार को वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत शुरू की थी। पीसीबी ने रविवार को पुष्टि की थी कि भारत ने अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की अपनी अनिच्छा के बारे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किया है। नकवी इससे पहले इस टूर्नामेंट के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' की योजना को नकार चुके हैं।

## 'तुष्टीकरण की राजनीति से देश की सुरक्षा को खतरा', अमित शाह ने मुस्लिम आरक्षण पर MVA को घेरा



अमित शाह ने रविवार को जलगांव के रावेर और बुलढाणा के मलकापुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को 10 फीसदी आरक्षण की मांग से दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के लोग प्रभावित होंगे क्योंकि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत ही है। आरक्षण में कोई भी बढ़ोतरी मौजूदा आरक्षण की कीमत पर ही होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) पर जमकर निशाना साधा। उलमा एसोसिएशन की विपक्षी गठबंधन से हालिया मांगों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष की तुष्टीकरण की राजनीति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। साथ ही यह सामाजिक ताने-बाने को भी नुकसान पहुंचा रहा है। शाह ने रविवार को जलगांव के रावेर और बुलढाणा के मलकापुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को 10 फीसदी आरक्षण की मांग से दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के लोग प्रभावित होंगे क्योंकि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत ही है। आरक्षण में कोई भी बढ़ोतरी मौजूदा आरक्षण की कीमत पर ही होगी। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी के नेताओं की सत्ता की लालसा ने उन्हें हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रति अंधा कर दिया है। भाजपा सभी समुदायों के कल्याण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है, लेकिन मुसलमानों के लिए किसी भी प्रकार के आरक्षण के सख्त खिलाफ है। जब तक भाजपा का एक भी सांसद या विधायक यहां है, हम धर्म आधारित आरक्षण का विरोध करेंगे। यह हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश की सुरक्षा से समझौता किया है। वे वोटों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है। 10 साल तक केंद्र में सोनिया-मनमोहन की सरकार थी और पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे, बम धमाके करते थे और आराम से चले जाते थे। कोई कुछ नहीं करता था क्योंकि इन्हें वोट बैंक का लालच था। 2014 में आपने पीएम मोदी को केंद्र की सत्ता सौंपी। उरी और पुलवामा में हमला हुआ, 10 दिन के अंदर ही पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर आतंकियों का सफाया किया। कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी- शाह ने कहा कि कांग्रेस शुरुआत से ही ओबीसी विरोधी पार्टी रही है। काका साहेब कालेलकर ने 1955 में कहा था कि पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिलना चाहिए। जवाहर लाल नेहरू ने फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया। 1980 में मंडल आयोग ने कहा ओबीसी को आरक्षण मिलना चाहिए। इंदिरा गांधी ने फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी। जब पीएम मोदी आए तो उन्होंने केंद्र की सभी संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण दिया। पिछड़ा वर्ग को सांविधानिक दर्जा दिया। गांव-गांव में घोषित हो गई वक्फ की संपत्ति- शाह ने कहा कि पीएम मोदी वक्फ कानून में संशोधन लेकर आए हैं। इसका भी अघाड़ी वाले विरोध कर रहे हैं। अभी-अभी कर्नाटक में गांव के गांव वक्फ की संपत्ति घोषित कर दिए गए। कई मंदिर, किसानों की भूमि, उनके घर वक्फ की संपत्ति हो गई। अघाड़ी सरकार बनते ही महाराष्ट्र में भी ऐसा ही होने वाला है लेकिन आप चिंता न करो पीएम मोदी ने संसद के जरिये वक्फ कानून में संशोधन करना तय किया है। एमवीए की गारंटी झूठ, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद की गारंटी- केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ने ढेर सारी गारंटियां दी हैं लेकिन हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे सच बोल गए। कहा-ऐसा वादा करो जो पूरा हो सके

## आयोग के बाहर प्रदर्शन कर रहे प्रतियोगी छात्रों पर लाठीचार्ज, भारी पैमाने पर पुलिस फोर्स तैनात

यूपीपीएससी दफ्तर के बाहर प्रतियोगी छात्रों के प्रदर्शन की घोषणा के मद्देनजर भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। आयोग की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया गया है और आने जाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। आयोग की तरफ बढ़ रहे छात्रों की भीड़ की पुलिस ने खदेड़ दिया। लिखा- न बंटेंगे न हटेंगे।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन की तैयारी के मद्देनजर जिला प्रशासन और आयोग प्रशासन में खलबली मच गई है। इसको देखते हुए सोमवार को सुबह से ही भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। आयोग की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है और पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।आयोग की तरफ बढ़ रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने खदेड़ दिया। इससे छात्रों की भीड़ में भगदड़ मच गई। पूरे जिले की फोर्स को मौके पर बुला ली गई है। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने छात्रों के ऊपर बल प्रयोग करना पड़ा। छात्रों में भगदड़ मच गई। बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्राएं भी आंदोलन में पहुंची थीं। लाठीचार्ज के बाद छात्र तितर बितर हो गए। मौके पर पीएसी और पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां बुला ली गई हैं। यह है छात्रों की मांग- प्रतियोगी छात्र एक ही मांग पर अड़े हैं कि पीसीएस और आरओ/



एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में कराई जाए। एक्स पर 'हैशटैग यूपीपीएससी आरओ/एआरओ वनशिफ्ट' नाम से चलाए गए अभियान को 2.40 लाख अभ्यर्थियों ने अपना समर्थन दिया। हालांकि, इतने व्यापक विरोधा के बावजूद आयोग ने शाम को दोनों ही परीक्षाएं दो दिन कराए जाने का निर्णय ले लिया। इसके बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है।44 जिलों में प्रस्तावित है परीक्षा पीसीएस और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के यूपीपीएससी के फैसले के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू कर दिए हैं। वहीं आयोग दो दिन परीक्षा कराने पर अड़ गया है। परीक्षा प्रदेश के 44 जिलों में कराई जानी है। इसके लिए आयोग ने सभी जिलाधिकारियों की बैठक 21 नवंबर को बुलाई है, इसमें आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा व आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक दिन में कराने और नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) की प्रक्रिया निरस्त किए जाने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्र आंदोलन कर रहे हैं। उनके ऊपर लाठीचार्ज भी किया गया। बावजूद इसके छात्र डंटे हुए हैं।दिल्ली, एमपी सहित कई राज्यों से पहुंचे हैं आंदोलनकारी छात्र प्रतियोगी छात्रों के धरने में यूपी समेत दिल्ली, एमपी, बिहार, उत्तराखंड व अन्य राज्यों से अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। अभ्यर्थियों की ओर से घोषित धरना-प्रदर्शन के मद्देनजर आयोग परिसर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। अभ्यर्थी किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।ट्विटर (एक्स) पर ट्रेंड करने लगा यूपीपीएससी यूपीपीएससी पर प्रदर्शन और लाठीचार्ज के बाद यूपीपीएससी ट्विटर (एक्स) पर ट्रेंड करने लगा। ट्रेंडिंग में यूपीपीएससी सबसे ऊपर रहा। छात्रों ने #UPPSC_No_normalization पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने किया ट्वीट पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने यूपीपीएससी के बाहर प्रतियोगी छात्रों के ऊपर हुए लाठीचार्ज का वीडियो एक्स पर पोस्ट करते हुए लाठीचार्ज की निंदा की है। लिखा कि भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। युवा विरोधी भाजपा का छात्राओं और छात्रों पर लाठीचार्ज बेहद निंदनीय कृत्य है। इलाहाबाद में क्क्स्ष्ट में धांधली को रोकने के लिए अभ्यर्थियों ने जो जब माँग बुलंद की तो भ्रष्ट भाजपा सरकार हिंसक हो उठी। हम फिर दोहराते हैं=नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं।

## पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने किया ट्वीट, नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने लाठीचार्ज का वीडियो अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए पूर्व सीएम ने लिखा है कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। छात्रों पर लाठीचार्ज की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। पीसीएस और आरओ-एआरओ परीक्षा एक ही दिन कराने की मांग को लेकर यूपीपीएससी के बाहर प्रदर्शन कर रहे प्रतियोगी छात्रों पर



लाठीचार्ज की पूर्व सीएम और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कड़ी निंदा की है। लाठीचार्ज का वीडियो अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए पूर्व सीएम ने लिखा है कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। छात्रों पर लाठीचार्ज की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। सपा मुखिया ने लिखा कि- इलाहाबाद में क्क्स्ष्ट में धांधली को रोकने के लिए अभ्यर्थियों ने जो जब मांग बुलंद की तो भ्रष्ट भाजपा सरकार हिंसक हो उठी। हम फिर दोहराते हैं=नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं

## संपादकीय Editorial

# ASEAN and India

India's strategic partnership with ASEAN, highlighted by its evolving partnership with Singapore, marks a significant shift towards deeper economic, technological and security cooperation. Last month, Prime Minister Narendra Modi announced a 10-point plan to strengthen the India-ASEAN comprehensive partnership during the summit in Laos. Speaking at the 8th ASEAN-India Network of Think Tanks roundtable in Singapore on Friday, External Affairs Minister S. Jaishankar said India and ASEAN (Association of South-East Asian Nations) members are large countries in terms of population and their cooperation can be crucial in resolving contemporary issues, ensuring food and health security and tackling political challenges in common regions like Myanmar. Significantly, the development of multilateral relations between India and ASEAN began after economic liberalisation in the country and India-ASEAN trade has exceeded $130 billion in the last decade. It is worth noting that India's engagement with Singapore serves as an important gateway to strengthen its wider ties with ASEAN. As India seeks to deepen its 'Act East' policy and expand its influence in the Indo-Pacific region, enhancing ties with Singapore becomes strategically important. ASEAN occupies a central place in the rule-based security framework in the Indo-Pacific region. Much of its trade is dependent on maritime security. That is, India needs close diplomatic relations with ASEAN countries for both economic and security reasons. Connectivity with ASEAN countries will help India increase its presence in the region. These connectivity projects put Northeast India at the center, ensuring economic development of the northeastern states. Better trade relations with ASEAN countries will mean economic growth and development for India in the region. India-ASEAN relations are free of any kind of competition and assertion and both have a shared vision for the future, which is based on inclusion and integration, sovereign equality of all nations and support for free and open avenues for trade and mutual relations. Together, the Indian and ASEAN economies can become the third largest economy in the world. In such a situation, India should also consider joint defense production initiatives with technologically advanced ASEAN countries like Singapore and Indonesia.




# Impact of Trump's arrival in America, there will be extensive changes

It is certain that after Trump becomes President, there will be extensive changes in America as well as on the international front. Since he has had better relations with the Russian President, it is believed that he can succeed in stopping the Russia-Ukraine war. Biden failed completely in this matter and that is why his image became that of a weak President. There is curiosity all over the world about the US Presidential election. This is because America is a country that influences the whole world. This time the US Presidential election became the center of special attraction because former President Donald Trump, who lost the presidential election last time, was again in the election fray and Kamala Harris of Indian-African origin was in front of him. She became the presidential candidate about six months ago because President Joe Biden had to withdraw from contesting the election due to advancing age. With Vice President Kamala Harris losing the election, America was once again deprived of the first woman President in her form. Like her, eight years ago, Hillary Clinton also had to face defeat. She was also defeated by Trump. Trump is a controversial leader because of his outspokenness. He had to face impeachment and also had to face punishment for paying money to silence a call girl. There are some other cases going on against him. Despite all this, he won the election. He was also attacked during the election campaign. Once he narrowly escaped when a bullet fired at him grazed his ear. One reason for Trump's victory in the election was that Kamala Harris proved to be a weak candidate compared to him. There was a delay in declaring her as the candidate from the Democratic Party. Joe Biden's performance as President also took a toll on him. Biden did not show the vigour and energy for which American Presidents have been known. He could not take concrete decisions on time - neither in domestic matters nor in external matters. He could neither intervene and stop the war between Russia and Ukraine, nor could he stop the conflict between Israel and Hamas. The American public did not like that America was indirectly participating in the war by giving weapons to Ukraine. Biden gave weapons to Ukraine but only enough to enable it to somehow fight Russia. The American public was also unhappy that Israel was not ready to listen to their president. The average American people's thinking that women cannot prove to be better presidents is also visible behind Kamala Harris not becoming the president. It is surprising that American society still seems to be suffering from male-dominated mentality. One reason for Kamala Harris's defeat is that while the Republican Party under Trump's leadership was calling illegal immigrants a threat to America, the Democrat leaders were showing leniency towards them. There is hardly any country in the world whose people are not interested in settling in America. Most illegal immigrants reach America via Mexico. When Trump became president for the first time, he even took the initiative to build a wall on the Mexican border. As soon as Biden became president, he refused to consider those coming to America illegally as a threat. As a result, millions of people came to America illegally in the last four years. It seems that the American public and even the people who came legally from other countries did not like this. The proof of this is that those people of Latin American countries, who came to America legally and became citizens here, also voted in favor of Trump. Apart from this, blacks also voted for Trump. Right-wing whites were already his supporters. Kamala Harris also had to bear the loss that the American economy had slackened during Biden's tenure. People were troubled by rising inflation. American citizens are very cautious about their economy. Any president who fails to handle the economy has to face the public's displeasure. If Kamala Harris had become the President, it would have made Indians as happy as Rishi Sunak was when he became the Prime Minister of Britain. Her becoming the President would have also made Indians living in America feel proud, but it seems that she could not get the support of all American-Indians. Whatever it is, keep in mind that the people of Indian origin who are flying the flag in the field of politics or business in America, their priority is America, not India. Yes, it is certain that most of them have affection for India. By the way, Indians have a reason to be happy that the wife of JD Vance, who is going to become the Vice President, is of Indian origin. Trump's victory in the election has ended the scope for the question that how would the relations between India and America be if Kamala Harris became the President? Now it has to be seen how the relations between America and India will be under Trump's leadership? Fortunately, there are chances of relations getting better, because on one hand both the countries need each other and on the other hand Prime Minister Modi has a good chemistry with Trump. Trump has described Modi as his friend many times. It cannot be ignored that Modi is also among the few foreign heads of government with whom Trump spoke after winning the election. It is certain that after Trump becomes the President, there will be extensive changes in America as well as on the international front. Since he has had good relations with the Russian President,   Therefore, it is believed that he can be successful in stopping the Russia-Ukraine war. Biden failed completely in this matter and this is why his image became that of a weak president. As far as the conflict between Israel and Hamas is concerned, it is certain that Trump is not going to abandon Israel, but he can definitely try to ensure that Israel stops its military action in Gaza, Lebanon as soon as possible. There is nothing better than America under Trump's leadership helping in keeping the world stable.

# The Centre will have to make arrangements in collaboration with the states to improve the condition of cities

The biggest problem of our cities is that different departments handle the responsibility of traffic, sewer, drinking water, road construction, traffic etc. Coordination is rarely seen among these departments. Many times one department is not even aware of the plans of another department. Even if it is, there is no cooperation between them. It is natural to have doubts about the success of the five working groups formed by the Central Government to improve the condition of cities. The main reason for doubt is that whatever efforts have been made so far to improve the urban structure have not been successful. If the Central Government wants that the condition of cities should actually improve, then it will have to make such a system in collaboration with the states, so that coordination can be established among the various departments responsible for improving the urban structure and they can also be made accountable. At present this is not the case and that is why small and big cities of the country have become synonymous with unplanned development. It is a fact that as the population in cities is increasing, they are getting surrounded by problems. Most of the cities of the country are getting surrounded by dirt, pollution, chaotic traffic. Many types of development works keep happening in them, but in a haphazard manner. Hardly any development plan is implemented in any city keeping in mind that it remains useful even after decades. Most of the plans are for immediate solution of problems. The biggest problem of our cities is that different departments handle the responsibility of traffic, sewer, drinking water, road construction, traffic etc. Coordination is rarely seen among these departments. Many times one department is not even aware of the plans of another department. Even if it is, then cooperation is not established between them. In such a situation, the first need is that they work together. This is not possible unless one department is made accountable for their work. There must be a capable officer who can lead different departments and get them to work according to his wish. It is true that the five working groups that the Central Government is going to form to give direction to urban development have also been given the responsibility of outlining the necessary political and administrative reforms. These working groups will define the role of government departments and government-controlled corporations and will also suggest measures through which the work of councillors and mayors can be reviewed. This needs to be done, but are the state governments really ready to make municipal corporations and other departments responsible for urban development accountable and efficient? If they want the welfare of their cities and the population living there, then they will have to show this readiness. This readiness should also be shown because in today's era, cities are the engines of development. For the development of the country, it is necessary that our cities improve and the lives of those living in them become easier. Most of the plans are for immediate solution of problems. The biggest problem of our cities is that different departments handle the responsibility of traffic, sewer, drinking water, road construction, traffic etc. Coordination is rarely seen among these departments. Many times one department is not even aware of the plans of another department. Even if it is, then cooperation is not established between them. In such a situation, the first need is that they work together. This is not possible unless one department is made accountable for their work. There must be a capable officer who can lead different departments and get them to work according to his wish. It is true that the five working groups that the Central Government is going to form to give direction to urban development have also been given the responsibility of outlining the necessary political and administrative reforms. These working groups will define the role of government departments and government-controlled corporations and will also suggest measures through which the work of councillors and mayors can be reviewed. This needs to be done, but are the state governments really ready to make municipal corporations and other departments responsible for urban development accountable and efficient? If they want the welfare of their cities and the population living there, then they will have to show this readiness. This readiness should also be shown because in today's era, cities are the engines of development.

# मुरादाबाद में अखिलेश यादव: भाजपाई डिवाइड एंड रूल वाले हैं, महाराष्ट्र चुनाव के बाद नहीं बचेगी सीएम की कुर्सी

मुरादाबाद में अखिलेश यादव ने सपा प्रत्याशी रिजवान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने बीजेपी सरकार पर हमला बोला और पार्टी कार्यकर्ताओं से उपचुनाव में जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी ( सपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी ( बीजेपी ) की सरकार की नीतियों पर जमकर हमला बोला और पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी उपचुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से जुटने की अपील की। अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार जनता से किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह मुद्दे को उठाते हुए कहा कि यह सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं बोलते हुए कहा कि भाजपा कहा कि गठबंधन ने भाजपा है। भाजपा की नकारात्मक बीजेपी देश की जनता के मुद्दों सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने भी योगी आदित्यनाथ को पुलिस चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी समाजवादी पार्टी पर है और %महाराष्ट्र चुनाव के बाद अखिलेश यादव ने सीएम उनका गुस्सा किसी और वजह कि महाराष्ट्र चुनाव के बाद कुटिलता और विनाशकारी मन की कठोरता ही उनके



पूरी तरह से खराब हो चुकी है।उन्होंने बेरोजगारी के समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है और बीजेपी दे रही है। अखिलेश ने बीजेपी के खिलाफ हमला जिस दिशा में बढ़ रही है, वह वहीं से जाएगी। उन्होंने को हराया है। अब भाजपा यूपी में पीडीए से डर रही राजनीति की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। संभल के बीजेपी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सीएम को हटाकर कुंदरकी में उपचुनाव कराकर देखना की कोशिशों के बावजूद जनता का भरोसा आगामी उपचुनाव में सपा की जीत सुनिश्चित है। सीएम की कुर्सी नहीं बचेगी%- सपा अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि से है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में यह फैसला हो चुका है सीएम की कुर्सी खतरे में है। अखिलेश ने बीजेपी पर मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके बयानों में झलक रही है। उन्होंने जनता से चुनाव में डटे रहने और जीत के प्रमाण तक मतदान और निगरानी जारी रखने की अपील की। नौकरी-रोजगार के मुद्दे पर युवाओं के साथ धोखा - समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को नौकरी और रोजगार देने में नाकाम रही है। अखिलेश ने दावा किया कि चुनाव करवाने में देरी इसलिए की गई क्योंकि बीजेपी जानती है कि जनता का समर्थन उनके साथ नहीं है। आरोप लगाया कि बीजेपी की सरकार ने परीक्षा प्रणाली को बिगाड़ा है। गलत प्रश्नपत्र, प्रश्नपत्र लीक और परिणामों में देरी से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आरक्षण के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है, जिससे दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों पर हमला हो रहा है। %इस बार बीजेपी को सबक सिखाने का समय%- अखिलेश ने कहा कि इस बार युवाओं ने बीजेपी का साथ छोड़ने का मन बना लिया है। यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि बीजेपी घबराई हुई है, डरी हुई है और जनता से उनका समर्थन छिनता जा रहा है। यही कारण है कि अब पुलिस-प्रशासन को आगे कर वोटिंग में हेरफेर की कोशिश कर रही है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा वोटर लिस्ट में गड़बड़ी कर रही है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं को ताकीद की कि वे वोटर लिस्ट की निगरानी करें और यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटाया जाता है, तो उसकी फोटो कॉपी तैयार रखें। अखिलेश ने भरोसा दिलाया कि अगर किसी अधिकारी ने वोट काटने की कोशिश की तो उसे जेल भिजवाने का काम सपा करेगी। राशन और महिलाओं के सम्मान का मुद्दा उठाते हुए अखिलेश ने कहा कि बीजेपी सरकार में राशन तक ठीक से नहीं पहुंच रहा है। जनता को इसकी असलियत पता है। उन्होंने जनता से अपील की कि हर घटना का वीडियो और फोटो रिकॉर्ड रखें ताकि सबूत के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। कहा कि मुख्यमंत्री महिलाओं का सम्मान नहीं करते और केवल बाहरी दिखावे का ढोंग रच रहे हैं। समर्थकों को एकजुट होकर आगामी चुनाव में बीजेपी को हराने की अपील की और भरोसा दिलाया कि आने वाला भविष्य समाजवादियों का है। रामपुर में आजम खान के खिलाफ कार्रवाई- अखिलेश ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि रामपुर में सपा नेता मोहम्मद आजम खां को परेशान करने के लिए भाजपा ने नई साजिशें रची हैं। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा को सपा के नारे की काट समझ नहीं आ रही है। इसीलिए वह इधर-उधर की बातें करके जनता को भटकाने की कोशिश कर रही है। प्रमोशन और पुलिस की स्थिति पर तंज- अखिलेश ने पुलिस प्रमोशन और सरकारी तंत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा के शासन में वह बिना परीक्षा के प्रमोशन पा रहे थे। समाजवादी पार्टी के शासन में पुलिस को डायल 100 जैसी सुविधा दी गई थी, जिससे सुधार हुआ। सपा ने पुलिस को गाड़ियां दीं ताकि वे बेहतर काम कर सकें, जबकि भाजपा के राज में कुछ और ही काम हो रहा है। अधिकारियों के डर पर सवाल- अखिलेश यादव ने अधिकारियों पर निशाना साधते हुए कहा कि वह डर रहे हैं, क्योंकि भाजपा सरकार का समय खत्म हो रहा है। उन्होंने तंज कसा कि आने वाले चुनाव में जब सरकार बदलेगी तो यही अधिकारी नई सरकार की खुशामद में लग जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के नेता अफसरों के साथ मिलकर डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता को घबराने की जरूरत नहीं है।

## मुरादाबाद में वकीलों का प्रदर्शन: गाजियादाबाद की घटना के विरोध में नारेबाजी, रामपुर में आत्महत्या का प्रयास

गाजियाबाद में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में मुरादाबाद और रामपुर के वकील भी सड़कों पर उतर आए हैं। मुरादाबाद में वकीलों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करते हुए सड़क जाम कर



दी।गाजियाबाद में जिला जज की अदालत में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मुरादाबाद के वकील भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। मुरादाबाद में वकीलों ने सोमवार को प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दिया। इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं ने हमले की निंदा करते हुए न्याय की मांग करते हुए सरकार से सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिला जज का तबादला और लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने तक विरोध चलता रहेगा।अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। जाम के कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ा। आवश्यक कार्यों के लिए जा रहे लोगों को अपने रास्ते बदलने पड़े या लंबे समय तक जाम में फंसे रहना पड़ा। वकीलों का कहना है कि उनका यह प्रदर्शन न्याय और सुरक्षा की मांग के लिए है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो वे आगे भी विरोध जारी रखेंगेरामपुर में वकील उतरे सड़कों पर, आंदोलन किया तेज- रामपुर में गाजियाबाद में जज और वकीलों के विवाद में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज के बाद मामला तूल पकड़ने लगा है। पिछले एक सप्ताह से हड़ताल के बाद रामपुर में वकीलों ने सड़कों पर उतरकर विरोध किया। बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलों ने आंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया। इस दौरान एक वकील जाहिद ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया। साथी वकीलों और पुलिस ने किसी तरह काबू पाया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह लोधी और महासचिव शिव नरेश तोमर के नेतृत्व में वकीलों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर मामले में पुलिस और जज पर कार्रवाई की मांग की है। वकीलों का कहना है कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, आंदोलन तेज होगा।

## रामगंगा नदी में डूबी किशोरी और महिला के शव मिले, तीन दिन से लगातार चल रही थी तलाश

रामगंगा नदी में डूबी किशोरी और महिला के शव तीन दिन बाद बरामद हुए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रामगंगा नदी में



डूबी किशोरी और महिला के शव तीन दिन बाद रविवार को पुलिस को मिल गए। किशोरी का शव घटनास्थल से एक किमी दूर और महिला का शव गांव के नजदीक पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने परिजनों से दोनों शवों की शिनाख्त कराई। कटघर थाना क्षेत्र के लोधीपुर बासु की रहने वाली किशोरी मोनिका और महिला क्रांति गांव की अन्य महिलाओं के साथ शुक्रवार को चारा लेने रामगंगा नदी पार कर रही थीं। नदी पार करते समय किशोरी और सात महिलाएं पानी के तेज बहाव के कारण डूबने लगीं।गांव के लोगों ने तत्काल, निर्मला, रेखा, लक्ष्मी, शांति, साक्षी को बचा लिया, लेकिन मोनिका तथा क्रांति का पता नहीं चल सका। सूचना मिलने कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने एसडीआरएफ टीम को बुलाकर दो दिन रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इस बारे में ग्राम प्रधान रामकिशोर सिंह ने बताया कि रविवार को रेस्क्यू आपरेशन के दौरान पानी में क्रांति का शव उतराता मिला। उसके शरीर पर बालू था। वहीं किशोरी मोनिका का शव घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर विकनपुर के पास मिला। शवों को देखने के लिए नदी के तट पर गांव वालों की भीड़ इकट्ठी हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया गया।

## सोशल मीडिया पर वायरल की मौत की झूठी खबर

सुरजननगर में एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर एक युवक की मौत की झूठी खबर वायरल कर दी। युवक जब इसकी शिकायत आरोपी से की तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। सुरजननगर निवासी विकास शर्मा ने रविवार की शाम कोतवाली में शिकायतीपत्र दिया कि वह चिकित्सीय कार्य करता है और एक संगठन का अध्यक्ष भी है। कहा कि गांव निवासी एक दूसरे कथित डॉक्टर ने सोशल मीडिया पर उसकी मौत और अंतिम संस्कार के बारे में झूठी सूचना प्रसारित की। जब वह इसकी शिकायत लेकर आरोपी के पास पहुंचा तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने इसकी जांच सुरजननगर पुलिस चौकी के इंचार्ज को सौंपी है।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज में न मिली कार... पति ने रखी ये शर्त; न पूरी हुई मांग तो पत्नी के साथ किया ये घिनौना कांड

मुरादाबाद में दहेज में कार न मिलने पर पति ने पत्नी के साथ घिनौना काम किया। महिला ने पुलिस में शिकायत की है। शिकायत पर पति और ससुर के खिलाफ केस दर्ज हो गया है। मुरादाबाद से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दहेज में कार नहीं मिलने पर ससुरालवालों ने विवाहिता का उत्पीड़न किया। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी की अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पत्नी की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस ने पति और ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइंस क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक नवंबर 2022 को बिजनौर जिले के कस्बा चांदपुर निवासी अशफी सिद्दीकी के साथ उसकी शादी हुई थी। शादी के समय पीड़िता स्नातक की पढ़ाई कर रही थी। शादी के बाद उसकी विदाई हुई तो पति ने दहेज में थार गाड़ी की मांग की। गाड़ी देने से इन्कार करने पर पति ने उत्पीड़न शुरू कर दिया। पत्नी ने आरोप लगाया कि उसके पति अशफी का किसी अन्य युवती से नजदीकियां थीं। उसने अपने परिवार के दबाव में शादी की थी। पति ने उसे धमकाया कि यदि गाड़ी नहीं मिली तो वह कुवैत चला जाएगा। महिला का आरोप है कि पति ने उसकी अश्लील फोटो रिश्तेदार के सोशल साइट पर डाल दी। इससे उसकी काफी बदनामी हुई। तनाव में आकर महिला आत्महत्या करने का विचार करने लगी। उसने अपने पति की शिकायत आईटी सेल में की। वह अब अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती है। आशंका है कि पति उसे जान से मार देगा या वह खुद आत्महत्या कर लेगी। इस बारे में थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि महिला की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### रामपुर में अखिलेश यादव: आजम खां के परिजनों से की मुलाकात, कहा- सरकार आने पर झूठे केस किए जाएंगे खत्म

सपा नेता अखिलेश यादव ने रामपुर में आजम खां के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सपा संविधान बचाने की लड़ाई जारी रखेगी। सरकार आने पर आजम के खिलाफ दर्ज झूठे मामलों को खत्म करेगी।समाजवादी पार्टी ( सपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रामपुर पहुंचकर आजम खां



के परिवार से मुलाकात की। उनके साथ रामपुर के सांसद मोहिब्बुल्लाह भी मौजूद रहे। अखिलेश और मोहिब्बुल्लाह ने आजम खां की पत्नी तजीन फात्मा से करीब आधे घंटे तक बातचीत की। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि सपा हमेशा से संविधान बचाने की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। अखिलेश ने आजम खां और उनके परिवार के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आजम पर जो भी झूठे केस दर्ज किए गए हैं, सपा सरकार आने पर उन मामलों को खत्म किया जाएगा।उन्होंने न्यायालय से उम्मीद जताई कि आजम खां को जल्द ही इंसाफ मिलेगा। जब आजम खां पर दर्ज कई मामलों में सपा के रवैये पर सवाल किया गया, तो अखिलेश ने स्पष्ट किया कि सपा ने अपनी पूरी ताकत से लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि भगवान जानता है, सपा जानती है, कोर्ट जानता है कि हम लोगों ने कितनी मेहनत की है। हम लगातार लड़ाई लड़ रहे हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# ब्लॉक स्तरीय कबड्डी खेल का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को पी0एम0 कंपोजिट स्कूल मानपुर चिकटिया के प्रांगण में किया गया। खेल का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। इसे आपसी मेलजोल एवं भाईचारा तो बढ़ता है।हमारा स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है। प्रधानाध्यापक ओमेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों तथा खेल निर्णायकों को निष्पक्षता से खेल कराने तथा सामुदायिक सद्भावना से खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने का आह्वान किया।



कब्बड्डी में प्राथमिक प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में हर्षित एंड पार्टी कंपोजिट स्कूल अहियापुर प्रथम स्थान पर रही तथा छोटू शर्मा एंड पार्टी प्राथमिक विद्यालय जल्लापुर रामदयाल द्वितीय स्थान पर रही। बालिका वर्ग में तान्या एंड पार्टी कंपोजिट स्कूल अहियापुर प्रथम स्थान तथा मानवी एंड पार्टी प्राथमिक विद्यालय क्यारा द्वितीय स्थान पर रही। जूनियर स्टार बालक वर्ग में, नितिन शर्मा एंड पार्टी उच्च प्राथमिक विद्यालय बभिया प्रथम स्थान पर तथा असीव एंड पार्टी यूपीएस पालपुर कमालपुर द्वितीय स्थान पर रही।बालिका वर्ग में तान्या एंड पार्टी कंपोजिट स्कूल अहियापुर प्रथम स्थान तथा अंजली एंड पार्टी मानपुर चिकटिया द्वितीय स्थान पर रही।खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी विजेताओं तथा उपविजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया ।जिला स्तरीय खेल की तैयारी के लिए जुट जाने के लिए कहा तथा जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में निर्णायकों एवं सहयोगियों की भूमिका निभाने वाले सुरेश कुमार, महावीर प्रसाद, सुंदरलाल सागर, धर्म अवतार केशव ,भूपेंद्र नाथ राजेंद्र सिंह, भारत नीरज शर्मा, विजय सिंह, सूरज मौर्य,गौरव गंगवार,किरण गुप्ता ,संतोष मिश्रा ,रेनू गुप्ता, रेनू सिंह, मीनाक्षी,अनुराधा सिंह,रेखा गुप्ता, शैलेंद्री सिंह, अंकिता ,देवेश तिवारी ,विनोद कुमार ,अशोक गुर्जर आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन बरेली मंडल इकाई की बैठक संपन्न हुई

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन बरेली मंडल इकाई की बैठक प्रदेश सचिव एवं बरेली मंडल के प्रभारी आर के जोशी जी की अध्यक्षता में अपराह्न 1ः बजे से सिविल लाइन पंचम होटल के सामने बरेली में संपन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय सचिव एवं संयोजक बरेली मंडल शुभांशु वैश्य के तत्वाधान में 22 दिसंबर को राजधानी लखनऊ में आयोजित एसोसिएशन के 26 वे अधिवेशन में बरेली मंडल से अधिक से अधिक पत्रकारों को लखनऊ ले जाने की चर्चा की गई। बैठक में आरके जोशी ने मंडल के पत्रकारों व बरेली मंडल के सभी अधिकृत पदाधिकारीयों को समय से अधिवेशन में पहुंचने की अपील की। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा उत्तर प्रदेश इकाई के प्रांतीय सदस्य रमेश तिवारी के साथ मुख्य रूप से बैठक मे उपस्थित रहें। मीटिंग दौरान पंडित सत्यम शर्मा, सुमित शर्मा, अजय कश्यप, पवन, अभय कश्यप, शैलेन्द्र शर्मा, अरुण सारस्वत, अजय चंद्रा, मोबीन खान,राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा जी ने संगठन के सदस्यों को सम्मानित भी किया । बैठक में मंडल प्रभारी श्री जोशी ने जिला अध्यक्ष द्वारा सभी भाइयों से सदस्यता अभियान चलाकर जिला इकाई गठन करने का आवाहन किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शुभांशु वैश्य जी ने सभी पत्रकारों सें आगामी 22 दिसंबर में लखनऊ में होने वाले संगठन के 26 स्थापना दिवस में पहुंचने अनुरोध किया। स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश भर के कई पत्रकारों का सम्मान उप मुख्य मंत्री श्री बृजेश पाठक द्वारा किया जायेगा ।।



# भगवान चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा धूमधाम से निकली

क्यूँ न लिखूँ सच-अजर अली

मुरादाबाद में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में भगवान चित्रगुप्त महाराज की विशाल शोभायात्रा कानून गोयान में भैया जी मंदिर से हवन पूजन के बाद ढोल नगाड़ों की थाप पर भगवान चित्रगुप्त महाराज के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा का शुभारंभ नगर विधायक रितेश गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष एके जौहरी, महापौर विनोद अग्रवाल, प्रांत मंत्री विपिन जौहरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा आदि ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। शोभा यात्रा फेज गंज से होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए चित्रगुप्त इंटर कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। जहां भगवान चित्रगुप्त जी की आरती के पश्चात कुटुंबकम उत्सव नामक सांस्कृतिक समारोह में परिवर्तित हो गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन अरुण कुमार सक्सेना- वन एवं पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं अल्पना रितेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर- दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष प्रदीप सिंहा एडवोकेट, महासचिव अभिषेक भटनागर एडवोकेट, आदेश श्रीवास्तव, राकेश जौहरी, सुनील सक्सेना, अशोक सक्सेना, धर्मेंद्र प्रकाश सक्सेना, गिरीश भटनागर, विनीत सक्सेना, श्याम सक्सेना, समिताब सिंहा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के महासचिव शेखर भटनागर, विशाल भटनागर, दीपक सरन, आलोक सिंहा, बॉबी सक्सेना, राजीव भटनागर, रवि सक्सेना, संदीप सक्सेना, आशीष सक्सेना, अमित सक्सेना, अतुल जौहरी, गिरिराज स्वरूप भटनागर, राकेश भटनागर, राहुल सक्सेना, विशाल भटनागर, निर्वेश भटनागर, शुभम सक्सेना, सुबोध नारायण श्रीवास्तव, सारथी सक्सेना, चीना भटनागर, वंदना सक्सेना, दीप्ति सक्सेना, वंदना सिंहा, शालिनी सक्सेना आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट ने की तथा संचालन पुनीत सहाय ने किया।




# बरेली में कॉर्निवाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - बरेली।मिशन शक्ति अभियान फेस 5.0 के अंतर्गत बाल कार्निवाल सप्ताह 10 नवंबर से 14 नवंबर तक मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों के अनुसार सोमवार को मोनिका राणा जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली के निर्देशानुसार चंचल गंगवार केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर बरेली के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय फतेहगंज पश्चिमी, जनपद बरेली में कॉर्निवाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की बालिकाओं के मध्य लूडो प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।लूडो प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं में हिमांशी कक्षा 8 की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शिवानी कक्षा 8 की छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, ईशा कक्षा 8 की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पानी की मिल्टन बोतल, बैडमिंटन, कॉफी मग आदि भेंट किए गए साथ ही सभी छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई। धनराशि 25000 के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 102, 108, 1076, 1930 की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बिंदु सक्सेना अध्यक्ष राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान, नरेंद्र कुमार राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान, पूजा पाल पैरा लीगल वॉलेंटियर, रचना, यास्मीन बी, सोनाली अग्निहोत्री, रोली राठौर, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।



# समग्र शिक्षा के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुई संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।समग्र शिक्षा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान माध्यमिक शिक्षा स्तर की जनपद स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में संपन्न हुई । कार्यक्रम का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक गजेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली देवकी सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज चौबारी के प्रधानाचार्य पीयूष कुमार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की उप प्रधानाचार्य अनु पारासरी, जिला विज्ञान समन्वयक देवेंद्र कुमार , निर्णायक मंडल के सदस्यों ने मां सरस्वती का माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके किया । विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 9 , 10 के छात्र -छात्राओं ने जूनियर वर्ग में एवं कक्षा 11 , 12 के छात्र -छात्राओं ने सीनियर वर्ग में विषय पर्यावरण संबंधी मुद्दे , जलवायु परिवर्तन के कारण कल्याण में जीवन विज्ञान, वैकल्पिक ऊर्जा हरित ऊर्जा, भौतिक विज्ञान और खेल रहे । इन उप विषयों के अंतर्गत किया गया । निर्णायक मंडल में राजेंद्र सिंह प्रोफेसर जंतु फरीदपुर एवं दिनेश कुमार सिंह प्रवक्ता डायट रहे। उप शिक्षा कि आप अपने मॉडलों में नवाचार लाएं, कुछ मॉडलों की उनके अध्यापकों की छवि दिखती है। जिला विद्या निरीक्षक जूनियर वर्ग के विजेताओं में प्रथम स्थान तिलक इंटर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा आरती शर्मा एवं तृतीय हुआ एवं पांच सांत्वना पुरस्कार - दुष्यंत कुमार, हिमानी,



प्रतिभाग किया । जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता के मुख्य एवं परिणाम, जैव विविधताः संरक्षण एवं सुगमता, मानव जैव ऊर्जा, सूचना, संचार और परिवहन प्रौद्योगिकी एवं गणित जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग से विज्ञान मॉडलों का प्रस्तुतीकरण विज्ञान विभाग बरेली कॉलेज बरेली ,महेंद्र पाल प्रवक्ता डायट निदेशक गजेंद्र कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा की बच्चों के मॉडलों में ने सभी बच्चों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । कॉलेज के छात्र आशीष राठौर को, द्वितीय स्थान राजकीय स्थान मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा लवी को प्राप्त फलक, आरिश अली एवं पिरोज को मिला । सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान दरबारी लाल इंटर कॉलेज के छात्र मोहम्मद उवैश को, द्वितीय स्थान भारत हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा साक्षी राठौर को एवं तृतीय स्थान जय नारायण सरस्वती इंटर कॉलेज के छात्र राहुल कुमार को प्राप्त हुआ एवं पांच सांत्वना पुरस्कार निशा, दीपक, मानव मित्तल, तूबा हमीद, ऋचा प्रजापति को प्राप्त हुए । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्रमशः 4000, 3000 ,2000 रुपये प्रदान किए ।सभी 10 सांत्वना पुरस्कार प्राप्त छात्र - छात्राओं को 500 -500 रूपये दिए गए। जनपद स्तर की इस प्रतियोगिता में जूनियर , सीनियर वर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी अब मंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे । मंडल स्तरीय प्रतियोगिता मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में होगी । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की उप प्रधानाचार्य अनु पारासरी ने सभी अधिकारियों , शिक्षकों का स्वागत किया एवं जिला विज्ञान समन्वयक देवेंद्र कुमार ने अधिकारियों , स्कूलों से आए हुए शिक्षकों एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन श्वेता शर्मा व दिव्या अग्निहोत्री ने, रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रिया सक्सेना, नेहा बंसल, दीक्षा शर्मा, रश्मि यादव, अमरावती यादव, रश्मि श्रीवास्तव, अमनजोत कौर, प्रीति गुप्ता ने किया । इस प्रतियोगिता में व्यवस्थाओं को संभालने का कार्य बखूबी रजनी सिंह प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ने किया ।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### अंसार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने छात्रों को किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच-यूसुफ

उत्तर प्रदेश जिला मुरादाबाद के अंसार इण्टर कालिज मुरादाबाद में राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान 3050, प्रयागराज द्वारा जनपद स्तरीय 52 वीं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सलमान शकील कब कक्षा 11-क्क के छात्र को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाचार्य द्वारा बधाई दी गई। साथ ही मार्गदर्शक शिक्षक श्री गुलरेज वारिस को भी सराहना की गई। प्रधानाचार्य ने पढ़ाई के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। अंसार इंटरः पुरस्कार वितरण के समय प्रधानाचार्य मेराज अनवर श्री गुरलेज वारिस श्री मुख्तार हुसैन, श्री हाशिम मालिक एवं श्री शहाव हुसैन, श्रीमती फरहा दीबा उपस्थित रहे।





### मुंडिया अहमदनगर में शादी अनुदान,कक्षा निर्माण के नाम पर उगाही


क्यूँ न लिखूँ सच

